	राजस्थान राजपत्र विशेषांक	RAJASTHAN GAZETTE Extraordinary
सत्यमेव जयते	साधिकार प्रकाशित	Published by Authority
	आषाढ़ 18, शुक्रवार, शाके 1943–जुलाई 9, 2021 *Asadha 18, Friday, Saka 1943- July 9, 2021*	

भाग-1(ख)

महत्वपूर्ण सरकारी आज्ञायें।

गृह (ग्रुप-9) विभाग

अधिसूचना

जयपुर, जुलाई 5, 2021

संख्या प. 35(1) गृह-9/2006पार्ट :-राज्य सरकार के ध्यान में यह लाया गया है कि श्रीगंगानगर जिले से सटी हुई पाकिस्तान बार्डर के नजदीक पाकिस्तान में लगे मोबाईल टावरों का नेटवर्क भारतीय सीमा के 3-4 किलोमीटर अन्दर तक आ रहा है जिससे पाकिस्तान से पाकिस्तानी नेटवर्क के जरिये आसानी से सम्पर्क किया जा सकता है। फलस्वरूप राष्ट्रीय सुरक्षा पर आशंकित खतरे के दृष्टिकोण से पाकिस्तानी मोबाईल सर्विस कम्पनी की सिम के उपयोग करने बाबत् प्रतिबन्ध लगाया जाना नितान्त आवश्यक है।

राज्य सरकार इससे सन्तुष्ट है कि श्रीगंगानगर जिले में पाकिस्तान बार्डर पर पाकिस्तानी मोबाईल सर्विस कम्पनी की सिम के उपयोग की अवांछनीय गतिविधियों को रोके जाने हेतु जिला मजिस्ट्रेट श्रीगंगानगर द्वारा दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के अन्तर्गत जारी आदेश क्रमांक 5013 दिनांक 17.05.2021 द्वारा लागू किये गये आदेश (प्रतिबन्ध) की अवधि बढ़ाया जाना नितान्त आवश्यक है।

अतः जिला मजिस्ट्रेट श्रीगंगानगर द्वारा दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के अन्तर्गत जारी आदेश क्रमांक 5013 दिनांक 17.05.2021 की अवधि एत्दद्वारा आगामी छः माह तक बढ़ाई जाती है।

राज्यपाल की आज्ञा से,

देवेन्द्र कुमार,
संयुक्त शासन सचिव, गृह।

राज्य केन्द्रीय मुद्रणालय,जयपुर।